## निदेशालय तकनीकी शिक्षा,
## व्यावसायिक एंव औद्योगिक प्रशिक्षण, हिमाचल प्रदेश, सुन्दरनगर।

### हिमाचल प्रदेश में स्थित राजकीय/ निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिला सत्र 2026-2027

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा राज्य के राजकीय/ निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (I.T.I.) में सत्र 2026-2027 के लिए प्रवेश हेतु काउंसलिंग शैडयूल जारी कर दिया गया है (प्रति संलिगत)।

- प्रवेश हेतु काउंसलिंग शैडयूल एवं विवरण पुस्तिका (Prospectus) हिमाचल प्रदेश, तकनीकी शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला की वैबसाईट (www.hptechboard.com) पर उपलब्ध है।
- अभ्यर्थियों को सुझाव दिया जाता है कि ऑनलाईन आवेदन से पहले वैबसाईट पर उपलब्ध Prospectus/ Guidelines का अच्छी तरह से अवलोकन/ अध्ययन कर लें।
- विभिन्न राजकीय/ निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु उपलब्ध व्यवसायों का ब्यौरा विवरण पुस्तिका (ऑनलाइन उपलब्ध) में दिया गया है।
- अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन हेतु पासपोर्ट साइज का फोटो एवं हस्ताक्षर (images should be less than 200 KB) स्कैन करके रखें।
- राजकीय/ निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पोर्टल (पोर्टल का लिंक हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड की वेब साईट पर उपलब्ध होगा) के माध्यम से आवेदन करें।
- हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की अधिसूचना संख्या क्रमांक हि.शि.बो.(2)सामान्य/208/ समकक्षता/मद22(2)/2015-3920-3933 दिनांक 30-06-2015 के अंतर्गत चुनिंदा व्यवसायों (जिनकी पात्रता परीक्षा दसवीं है) के प्रशिक्षणार्थियों को आईटीआई की परीक्षा के साथ अंग्रेजी भाषा एवं गणित या अन्य विषयों में से एक विषय (प्रयोगात्मक विषयों को छोड़कर) उतीर्ण करने के पश्चात हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड 10+2 कला संकाय का प्रमाण पत्र* प्रदान करेगा।
- राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (NIOS) की अधिसूचना संख्या F-23-1-11/2016/NIOS/SSS/Acc/11 दिनांक 18-07-2016 के अंतर्गत भी शर्तोनुसार चुनिंदा व्यवसायों के प्रशिक्षणार्थियों को आईटीआई की परीक्षा के साथ दो विषयों (एक भाषा एवं एक शैक्षणिक विषय) की परीक्षा उतीर्ण करने के पश्चात राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (NIOS) 10+2 का प्रमाण पत्र* प्रदान करेगा।
- प्रवेश सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिए Toll Free No. 1800-180-8027 पर प्रत्येक कार्यदिवस को प्रातः 10:00 से शाम 05:00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।
- राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की एन०सी०वी०टी० से सम्बन्द्धता बारे स्थिति एवं संस्थान की ग्रेडिंग बारे सिद्ध पोर्टल https://dgt.skillindiadigital.gov.in/ पर देख सकते हैं।
- **आवेदन करती बार अभ्यर्थी ऐसा मोबाईल नंबर एवं ईमेल आईडी देना सुनिश्चित करें जोकि पूरे प्रशिक्षण के दौरान उपलब्ध हों अन्यथा एस०आई०डी०एच० पोर्टल पर उनका पंजीकरण पूर्ण नहीं होगा जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेवार होंगे।**
- **एन०सी०वी०टी० के अंतर्गत जिन अभ्यर्थियों का SIDH Portal पर सक्रिय प्रवेश है (जैसे कि यदि कोई अभ्यर्थी सत्र 2025-27 में दो वर्षीय व्यवसाय के लिए सिद्ध पोर्टल पर पंजीकृत हुआ है तो उसका प्रवेश अभी सक्रिय है), उन्हें सत्र 2026 में एन०सी०वी०टी० के अंतर्गत किसी अन्य सीटीएस पाठ्यक्रम में पुनः प्रवेश लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी, यदि वे बिना सूचना के प्रवेश लेंगे तो उनका प्रवेश रद्द माना जाएगा।**
- **एन०सी०वी०टी० के अंतर्गत चल रहे व्यवसायों के लिए प्रशिक्षण महानिदेशालय के द्वारा सीट मैट्रिक्स केवल उन्हीं संस्थान ट्रेड शिफ्ट/यूनिट्स (ITSUs) के लिए प्रदान किया गया है, जिन्हें संबंधित आईटीआई द्वारा प्रशिक्षक/प्रशिक्षक के साथ मैप किया गया है। प्रवेश प्रक्रिया 30.06.2026 को SIDH पोर्टल पर उपलब्ध सीट मैट्रिक्स के आधार पर प्रारंभ की जा रही है। SIDH पोर्टल पर अनुदेशकों के मैपिंग के कार्य की अंतिम तिथि 20.07.2026 है। अतः प्रशिक्षण महानिदेशालय के द्वारा 20.07.2026 के उपरान्त सत्र 2026-27 हेतु सीटों का ब्यौरा जारी करने के उपरान्त सीटें/ व्यवसाय कम ज्यादा हो सकते हैं ।**

***अधिसूचनाओं में दी गई शर्तों के अनुसार**

**Counselling Schedule for ITI admissions (session 2026-27)**
**Timeline for admission in Government and Private ITIs of Himachal Pradesh**

| Sr. No. | Event/ Schedule | Dates |
|---|---|---|
| 1 | Submission of online application and depositing fee online (through net banking etc.) for **FIRST ROUND** | 13.07.2026 to 19.07.2026 |
| 2 | Last date of Filling of Choices | 20.07.2026 |
| 3 | Verification of sports certificates at designated institutes as per Chapter 12 of Prospectus and Communication of Sports Credits to Counselling Committee at Directorate Level | 21.07.2026 |
| | **1st Round** | |
| 4 | Allocation of seats **(First Round)** | 30.07.2026 |
| 5 | Reporting by the Candidates with original certificates in respective ITIs. | 05.08.2026 |
| 6 | Display of Vacant Seats after 1st round of Counselling | 07.08.2026 |

**Note:** The schedule for the next round of counselling will be released separately.

Director
Technical Education,
Vocational & Industrial Training,
Himachal Pradesh, Sundernagar